भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 891

07 दिसम्बर, 2023 को उत्तर के लिए

रिक्त पड़े हुए पद

891. श्री राजेन्द्र धेड्या गावित:

क्या ***आवासन और शहरी कार्य*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को सम्पूर्ण देश के शहरों जैसे पटना, सूरत, भोपाल, आगरा और इंदौर के विशिष्ट मेट्रो निगमों/परियोजनाओं में प्रबंध निदेशकों के रिक्त पदों और परियोजना कार्यान्वयन पर पड़ने वाले इसके प्रभाव की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा राज्य सरकारों के सहयोग से इन संगठनों में पूर्णकालिक प्रबंध निदेशकों की नियुक्ति के संबंध में उठाए गए क़दमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री कौशल किशोर)

(क) वर्तमान में केंद्र सरकार और पटना, गुजरात, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश मेट्रो सहित संबंधित राज्य सरकार के किसी भी मेट्रो रेल निगम, जो 50:50 संयुक्त उद्यम विशेष प्रयोजन तंत्र है, में प्रबंध निदेशक का पद रिक्त नहीं है।

(ख) एवं (ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

*****